प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि भविष्य में बादल फटने की घटनाएं केवल हिमाचल तक सीमित नहीं रहेंगी और उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्य में इन घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ये खुलासा केन्द्र सरकार द्वारा करवाए गए एक अध्ययन में हुआ है। मुख्यमंत्री शिमला में नगर निगम के पूर्व उपमहापौर टिकेन्द्र पंवर द्वार सम्पादित पुस्तक "सिटी लिमिट्स–द क्राइसिज़ ऑफ अर्बनाइजेशन" के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हिमाचल को स्वच्छ आबोहवा और पानी का उपहार दिया है और इन संसाधनों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए विकास को आगे बढ़ा रही है।

झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने इस मौके पर कहा कि लोगों को अपने आचरण में सुधार की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के साथ–साथ लोगों को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए।

....

सिकंदर कुमार

राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार ने आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल से समीरपुर स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने इस मौके पर प्रौफेसर धूमल को मोदी युग में भारत का सशक्तिकरण नामक पुस्तक भी भेंट की। सिकंदर कुमार ने इस मौके पर कहा कि प्रौफेसर धूमल का राजनीतिक जीवन संगठन, सुशासन और जनसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण रहा है। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश के विकास, भाजपा संगठन के विस्तार और आमजन के हितों की रक्षा में प्रौफेसर धूमल का योगदान सदैव स्मर्णीय रहेगा। इस मौके पर संगरोह पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी प्रौफेसर धूमल से शिष्टाचार भेंट की।

....

दूसरा चरण

प्रदेश में कल 28 मई को पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। मतदान के तुरंत बाद पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और सरपंचों के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए मतदान की गिनती 31 मई को होगी। 31 मई को ही प्रदेश के चार नगर

निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए हुए चुनाव की मतगणना भी होगी। पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण के चुनाव के लिए कल एक हज़ार 2 सौ 74 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे और आखिरी चरण में 30 मई को एक हज़ार एक सौ 87 पंचायतों में मतदान होगा। इस बीच कल होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज उम्मीदवारों ने भीषण गर्मी के बावजूद राज्य के विभिन्न हिस्सों में घर–घर जाकर वोट मांगे और अपनी जीत पक्की करने का प्रयास किया। इससे पूर्व बीते रोज हुए पहले चरण के चुनाव में 78 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

....

वन अग्नि

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते राज्य में वनों में आग की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। राजधानी शिमला के आसपास वनों में आग की लगभग आधा दर्जन घटनाएं दर्ज हुई है जबकि सोलन ज़िला में भी कई स्थानों पर जंगलों में आग लगी हुई है। प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कसौली के साथ लगते मनोंन गांव, गिल्बर्ट ट्रेल और अप्पर मॉल क्षेत्र में जंगलों में लगी आग को सेना, वायु सेना और कसौली व चण्डीगढ़ प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से काबू कर लिया गया। इस दौरान भारतीय वायु सेना के हैलीकाप्टरों ने चण्डीगढ़ के सुखना लेक से लाए गए पानी से इस आग को काबू किया। इस दौरान पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेन्द्र सिंह ने जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्र का दौरा भी किया।

....

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। खासकर राज्य के मैदानी ज़िलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सिरमौर, सोलन और मंडी ज़िलों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ऊना ज़िला में तापमान के लगभग 44 डिग्री पहुंच जाने के चलते छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है और भीषण गर्मी से बचने के लिए एहतियाती उपाय करने को कहा है। अत्याधिक गर्मी के कारण राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बाजारों से रौनक गायब हो गई है। हालांकि शिमला, मनाली और डलहौजी जैसे शहरों में गर्मी से बचने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि 28 मई से हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 28 मई को राज्य के पांच ज़िलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला ज़िलों में ओलावृष्टि, अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

....